आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 18.08.2024 समय : 1905

- भारत सरकार ने आपातकालीन हेल्पलाईन को एक ही हेल्पलाईन में एकीकृत करने के लिए ई आर एस एस एक एक दो नम्बर की शुरूआत की है।
- साइबर जागरूकता को मज़बूत करने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से हाल ही में साइबर सुरक्षित द्वीप योजना की शुरूआत की गई है।
- कुपोषण मुक्त अंडमान अभियान के तहत फरारगंज तहसील में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- डॉ.बी.आर अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हाल ही में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में भारी वर्षा हुई।

**<><><><><><><>**

भारत सरकार ने आपातकालीन हेल्पलाईन को एक ही हेल्पलाईन में एकीकृत करने के लिए ई आर एस एस एक एक दो नम्बर की शुरूआत की है। द्वीपसमूह में इस नम्बर की शुरूआत दो हजार उन्नीस में की गई। यह हेल्पलाईन नम्बर आपातकालीन सेवाओं तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है, जो पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन जैसी ऐजेंसियों से तत्काल सहायता पहुंचाती है। लोग किसी भी आपातकालीन स्थिति में एक एक दो नम्बर डायल कर सहायता प्राप्त कर सकते है। किसी भी स्मार्ट फोन का पावर बटन तीन बार दबाकर या सामान्य फोन में पांच और नौ नम्बर को लंबे समय तक दबाकर स्थिति की सूचना संबंधित विभाग को दी जा सकती है। यह सुविधा आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों और विभिन्न विभागीय नियंत्रण कक्षों से जुड़ी हुई है, जो पीड़ितो को समय पर सहायता पहुंचाने की प्रकिया को सुनिश्चित करती है।

**<><><><><><><>**

साइबर जागरूकता को मज़बूत करने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से हाल ही में साइबर सुरक्षित द्वीप योजना की शुरूआत की गई है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इस

योजना की पहल की है। इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य साइबर सुरक्षा को बढ़ाना, साइबर खतरों के बारे में द्वीपवासियों को अपडेट करना और खुद को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाना है। साथ ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तीनों ज़िलों में आम जनता, सरकारी कर्मचारियों, निजी क्षेत्र के श्रमिकों और गैर सरकारी संगठनों को साइबर सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है। सी.आई.डी के पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि साइबर सुरक्षित द्वीप योजना हमारी साइबर सुरक्षा को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

कुपोषण मुक्त अंडमान अभियान के तहत फरारगंज तहसील में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीठाखाडी पंचायत हॉल में आयोजित कार्यक्रम में एस डी एम विनायक चमाडिया सहित गैर सरकारी संगठन विद यू और समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कुपोषित और अनीमिया से ग्रसित पचास से अधिक बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया।

उधर, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से फॉर्टीफाइड राईस का वितरण किया जा रहा है। विभाग की ओर से समय समय पर इस सम्बंध में पंचायतों में जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने स्नैचिंग मामलें का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए सूरज मजूमदार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डिलीपुर के राधाकृष्ण मन्दिर के पास से एक महिला के हैंड बैग छीने जाने की शिकायत दर्ज होने के बाद डिगलीपुर के एस डी पी ओ अंकेश यादव के नेतृत्व में तलाश अभियान चलाया गया। जिसके बाद अपराधी को हिरासत में लिया गया। तलाशी के बाद आरोपी सूरज मजूमदार के पास से चोरी की गई सम्पत्ति बरामद की गई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरे मामले को पुलिस अधीक्षक गीताजंति खंडेलवाल की निगरानी में किया गया। आम जनता से कहा गया है कि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी सूचना पुलिस को द।

<><><><><><><>

पर्यावरण को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए स्वराज द्वीप में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त की निगरानी में विभिन्न विभागों के प्रमुखों सहित ग्राम पंचायत के सदस्यों और अन्य विभागों के कर्मचारियों ने भी इस अभियान में भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से सेडलपिक तक पर्वातारोहण अभियान का आयोजन किया गया। इसका समापन कल ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन में होगा।

<><><><><><><>

डॉ.बी.आर अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हाल ही में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों को भारतीय नौसेना में व्यापक और पुरस्कृत करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कमांडर अभिषेक कुमार और लेफ्टिनेंट पी एस साई विकास ने विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों के दो सौ छात्रों को शॉट सर्विस कमिशन और यूनिवर्सिटी एंट्री स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकों अपने करियर पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

टी सी आई द्वारा संचालित ए आई सी एफ चेस फॉर एवरीवन का दूसरा ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटेड चेस टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सात राउंड के बाद सात खिलाड़ी छह–छह अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। आठवें राउंड का उद्घाटन हाल ही में राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्या संगीता चांद और हाई टेक के शाहीन ने किया।

<><><><><><><>

श्री शिव शंकर मन्दिर रांची बस्ती की ओर से कल कावड यात्रा का आयोजन किया गया है। ये यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुज़रेगी।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत मायाबंदर की टीम ने डी सी कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लिया है। फाइनल में इसने यंग बॉयज़ की टीम को पराजित किया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलकुश मीणा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ खिलाड़ियों को अपने कौशल दिखाने का अवसर मिलता है बल्कि इसके ज़रिए समुदाय को पास लाने में भी मदद मिलती है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने प्रशासनिक अधिकारी, लेखाकार, कम्पयूटर सहायक, कार्यालय व फील्ड सहायक जैसे पदों में भर्ती की जाएगी। अनुबंध के आधार पर ग्यारह महीने के लिए होने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पदों के हिसाब से एकमुश्त राशि दी जाएगी। तेईस अगस्त को सुबह नौ बजे से श्रम आयुक्त के सम्मेलन कक्ष में सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

इग्नू ने छात्रों के नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि इक्कतीस अगस्त तक बढ़ा दी है। ऑनलाइन प्रवेश के लिए छात्रों को इग्नू के वेबसाईट पर लॉग ऑन करने की सलाह दी गई है। प्रवेश और शुल्क के बारे में जानकारी के लिए इग्नू की वेबसाईट या इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

डाईट गाराचरामा में दो वर्षीय डी एल एड पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श इक्कीस अगस्त को होगा। सभी पात्र उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे परामर्श के दिन अपने मूल दस्तावेज़ों के साथ उपस्थित रहें।

**<><><><><><><>**

टैगोर शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी एड डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे है। इक्कतीस अगस्त तक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

हटबे में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इस क्षेत्र में एक सौ चार दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सत्ताईस दशमलव छह, लौंग आईलैंड में उन्नीस दशमलव पांच, मायाबंदर में उन्नीस और पोर्ट ब्लेयर में सात दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि चौबीस अगस्त तक द्वीपों के एकाध भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी या गरज के साथ छीटे पड़ने की संभावना है।

**<><><><><><><>**